दिनांक-11दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने किया सफाई व्यवस्था निरीक्षण , सफाई में तेजी लाने के निर्देश

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आज आनंद विहार , कृष्णा नगर व पीली मिटटी चौक क्षेत्र में सड़क व नाली सफाई कार्य का निरीक्षण किए। सकरी गलियों की सफाई , जाम नालियों की सफाई के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्य में लापरवाही करने वाले कृष्णा नगर के वार्ड सुपरवाइजर को जमकर फटकार भी लगाई। आयुक्त ने पीली मिटटी चौक स्थित एसएलआरएम सेंटर कार्यो को देखा और बिजली पानी जैसी मूलभूत समस्याओं का जल्द ही निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी सुबह 6 बजे जोन 01 क्षेत्रांर्गत आनंद विहार का्ॅलोनी पहुंचे जहां उन्होंने सिवरेज लाइन व जलजमाव अली स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने आयुक्त महोदय को का्ॅलोनी में मूलभूत समस्याओं की जानकारी दी जिस पर उन्होंने उपायुक्त को सर्वे कराकर रिर्पोट प्रस्तुत करने कहा है! बता दें कि आनंद विहार कॉलोनी को निगम को हैंडओवर नहीं किया गया। निरीक्षण के दौरान घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सफाई का जायजा लेने आयुक्त महोदय वार्ड 04 कृष्णा नगर पहुंचे , जहां उन्होंने नालियों की सफाई के बारे में रहवासियों से जानकारी ली और सफाई कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारी को जमकर फटकार लगाते हुए सफाई कार्य करवाने के निर्देश दिए। कुछ स्थानों पर नाली में अज्ञात लोगों के द्वारा कचरा डालने की शिकायत करने पर पता कर कार्यवाही करने के निर्देश आयुक्त महोदय ने दिए!पशु को बाहर खुले में रखने पर तथा गंदगी फैलाने पर सहायक राजस्व अधिकारी द्वारा 2000 रुपए जुर्माना वसूल किया गया!आयुक्त महोदय के निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता आरके साहू , उपायुक्त टीपी लहरें , जोन आयुक्त जोन क्रमांक 01 अमिताभ शर्मा , प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

जनसंपर्क अधिकारी